2024/92

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही इनिशियल्स जज	न... अहल... की त...
16/10/24	वुकलाय उभय। हड़ताल जारी रही। पत्रावली वास्ते आदेश दि० 18/10/24 को पेश हो। [illegible]	
18/10/24	वुकलाय उभय। पत्रावली वास्ते आदेश पेश हुई। निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर सुनाया गया। डि०ता०मि०हो। पत्रावली फैसले में शुमार होकर बाद पूर्ति नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो। [illegible]	

Signature Not Verified
Digitally signed by Harbinder Dhillon Singh
Date: 2025.02.28 19:32:22 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बून्दी जिला बून्दी (राज0)

मि0नं0	तारीख दायरा	निर्णय दिनांक	पीठासीन अधिकारी
96/प्रा0प0/2024	06.06.2024	18.10.2024	हरविन्दर डी0 सिंह, आर0ए0एस0

शक्तिसिंह पुत्र भगवत सिंह उर्फ भगतसिंह जाति मीना निवासी चाचोलिया की झौपड़िया तहसील रायथल जिला बून्दी राजस्थान

–प्रार्थी

–बनाम–

तहसीलदार, रायथल जिला बून्दी राजस्थान

–अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र धारा 128 भू–राजस्व अधिनियम
वास्ते किये जाने पत्थरगढ़ी आराजीयात्

उपस्थित– प्रार्थी की ओर से एडवोकेट सुश्री कविता कहार।
पेरोकार सरकार उपस्थित।

निर्णय

प्रार्थना पत्र वास्ते आदेश पेश हुआ। प्रार्थना पत्र के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थी की खातेदारी व कब्जे काश्त की भूमि खाता संख्या 284 खसरा संख्या 1805 रकबा 0.21 है0, खसरा संख्या 1806 रकबा 0.11 है0 भूमि वाके गेण्डोलीखुर्द पटवार हल्का गेण्डोली तहसील रायथल जिला बून्दी में स्थित हैं। प्रार्थी अनुसूचित जन जाति का व्यक्ति हैं और प्रार्थी की भूमि के अड़वे के अन्य खातेदारो द्वारा प्रार्थी की खातेदारी की भूमि में लगी मेड, डोल एवं सीमा चिन्ह को नष्ट कर दिया गया हैं, इस कारण मौके पर विवाद बना रहता हैं और प्रार्थी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इत्यादि अंकित कर प्रार्थना पत्र विषयक भूमि की पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया।

उक्तानुसार प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर तहसीलदार, रायथल से प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यो के संबंध में रिपोर्ट चाही गई। तहसीलदार, रायथल द्वारा जरिये पत्र क्रमांक भू0अ0/2024/3389 दिनांक 26.09.2024 से अवगत कराया है कि ग्राम गेण्डोली खुर्द की ऑनलाईन जमाबंदी सम्वत् 2073–76 जमाबंदी 2080 वर्ष (2023) से स्थायी में खाता संख्या 284 में खसरा नंबर 1770 रकबा 0.23 है0, खसरा संख्या 1786 रकबा 0.12 है0 खसरा संख्या 1805 रकबा 0.21 है0 खसरा संख्या 1806 रकबा 0.11 है0 कुल किता 4 रकबा 0.67 है0 में शक्ति सिंह पुत्र भगतसिंह उर्फ भगवत सिंह जाति मीना सा0 चाचोलिया की झौपड़िया खातेदार दर्ज रेकार्ड हैं। जिसमें खसरा संख्या 1805 व 1806 में खातेदार का कब्जा–काश्त नहीं हैं, अन्य व्यक्ति का कब्जा–काश्त होने से कब्जे को लेकर विवाद हैं, कब्जा प्राप्ति हेतु खातेदार द्वारा सक्षम न्यायालय में दावा दायर कर अनुतोष प्राप्त किया जा सकता हैं।

बहस सुनी गई। दौराने बहस वकील प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराया और व्यक्त किया कि मैं प्रार्थना पत्र विषयक आराजी का रेकार्डेड खातेदार हूं तथा रेकार्डेड खातेदार के हैसियत से मुझे मेरी भूमि की पत्थरगढ़ी करवाने का अधिकार है। अतः श्रीमान् से निवेदन हैं कि प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाकर प्रार्थी की भूमि के पत्थरगढ़ी के आदेश प्रदान करने की कृपा करे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Harbinder Dhillon Singh
Date: 2025.02.28 16:32:22 IST
Reason: SelfAttested

बहस सुनने के उपरान्त हमारे द्वारा बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का आद्योपान्त अवलोकन किया। मुताबिक रेकार्ड आराजी खसरा संख्या 1805 रकबा 0.21 है0, खसरा संख्या 1806 रकबा 0.11 है0 ग्राम गेण्डोली खुर्द का प्रार्थी रेकार्डेड खातेदार हैं। तहसीलदार, रायथल द्वारा अवगत कराया हैं कि इस भूमि पर प्रार्थी का कब्जा–काश्त न होकर अन्य व्यक्ति का कब्जा–काश्त हैं और कब्जे के संबंध में विवाद